>

Title : Need to extend facilities of BPL household to the people whose thatched houses were gutted in a fire in Barmer Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर में 70 प्रतिशत लोग घास की बनी झोंपड़ियों में रहते हैं और घास के कारण बनी झोंपड़ियाँ अक्सर आगजनी की शिकार होती रहती हैं, जिसके कारण उनकी सारी सम्पत्ति जलकर राख हो जाती है और लोगों को भुखमरी का सामना करना पड़ता है और उन्हें सिर छिपाने की जगह नहीं मिल पाती है। आगजनी के कारण उनकी सम्पत्ति के नुकसान की भरपाई की जानी चाहिए। जिन लोगों के घर आगजनी के शिकार हुए हैं, उनके परिवारों को भी गरीबी रेखा के नीचे मिलने वाली सुविधाएं दी जाएं और उन्हें इन्दिरा आवास की सुविधा प्राथमिकता के आधार पर मुहैया करवायी जाये।